संख्या- 54 /2017 / 440 / चार-2017-33(वि0)/17

प्रेषक,

लुटावन राम,
उप सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
संस्क़ति निदेशालय, जवाहर भवन, उ0प्र0
लखनऊ।

संस्क़ति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 31 मार्च, 2017

विषय:- राजकीय अभिलेखागार कार्यालय हेतु कम्प्यूटर एवं सहवर्ती उपकरण के क्रय हेतु प्रशासनिक/वित्तीय स्वीक़ति ।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र संख्या-3294/सं0नि0-05(34)/2009-10टीसी, दिनांक 31 मार्च, 2017 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में राजकीय अभिलेखागार कार्यालय के उपयोगार्थ तीन कम्प्यूटर, चार यू0पी0एस0 एवं तीन प्रिटंर, यू0पी0डेस्को की दरो पर क्रय किये जाने हेतु रू0 2,97,975/- (रूपया दो लाख सत्तानवे हजार नौ सौ पच्हत्तर मात्र) की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीक़ति निम्नलिखित शर्तो के अधीन श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है:-

(1) उक्त स्वीकृति धनराशि का आहरण /उपयोग नियमानुसार किया जायेगा। धनराशि आहरित करके बैंक/पोस्ट आफिस में जमा नहीं की जायेगी।

(2) उक्त वस्तुओं तथा सहवर्ती उपकरणों के क्रय हेतु स्टोर पर्चेज रूल्स तथा समय-समय पर जारी सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन किया जायेगा।

(3) उक्त वस्तुओं तथा सहवर्ती उपकरणों के क्रय के पश्चात निदेशक, संस्क़ति निदेशालय, उ0प्र0 को सूचित किया जायेगा।

2- उपर्युक्त स्वीकृति से सम्बन्धित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान संख्या- 92 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-आयोजनेत्तर-104-अभिलेखागार-03-राज्य अभिलेख-मानक मद-46-कम्प्यूटर हार्डवेयर/साफटवेयर के नामे डाला जायेगा।

3- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या- 1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016 दिनांक 22 मार्च,2016 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागो को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(लुटावन राम)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/

संख्या - 54 /2017 / 440 (1)/चार-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निदेशक, उ0प्र0 राजकीय अभिलेखागार, बी-44, महानगर विस्तार, लखनऊ ।
3- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4
6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,

(लुटावन राम)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/